कर्नाटक सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

# 9 वीं कक्षा

## तृतीय भाषा हिंदी

# प्रश्नोत्तर मालीका

"हिंदी भारत की बिंदी है"



## संसादक शिक्षक


श्री. रवि चौहान D.Ed B.A B.Ed M.A

अल्पसंख्यक मोरार्जी देसाई आवासीय विद्यालय

कोड्ला, तहसील: सेड़म जिला: कलबुरगी

मोबाईल सं: 99015 05583




# अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | पाठ का नाम | विधा | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| 1 | जय जय भारत माता | कविता | मैथिलीशरण गुप्त |
| 2 | गुलाब सिंह | कहानी | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| 3 | स्वामी विवेकानंद | जीवनी | डॉ जगदीश चंद्र |
| 4 | अनुशासन ही शासन है | कविता | डॉ रमेश मिलन |
| 5 | मौसी | कहानी | भीष्म साहनी |
| 6 | चेरापूँजी से आया हूँ | यात्रा वृतांत | प्रदीप पंत |
| 7 | पर्यावरण बचाओ | कविता | परशुराम शुक्ल |
| 8 | भीम और राक्षस | एकांकी | विष्णु प्रभाकर |
| 9 | नफ़े के चक्कर में | लोककथा | संकलित |
| 10 | चलना हमारा काम है | कविता | शिवमंगल सिंह सुमन |
| 11 | खेलो कूदो स्वस्थ रहो | निबंध | संकलित |
| 12 | सड़क की रक्षा - सबकी सुरक्षा | कहानी | संकलित |
| 13 | साथी हाथ बढ़ाना | कविता | साहिर लुधियानवी |
| 14 | सौर ऊर्जा | लेख | संकलित |
| 15 | वीरांगना चेन्नम्मा | व्यक्ति परिचय | संकलित |
| 16 | पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह | व्यंग्य रचना | पी. एस. रामानुजम |
| 17 | रहीम के दोहे | मध्यकालीन कविता | रहीम |


अल्पसंख्यक कल्याण विद्यालय

# पाठ-1

## जय-जय भारत माता

-मैथिलीशरण गुप्त





### I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए।

1. 'जय-जय भारत माता' कविता के कवि कौन है ?

'जय-जय भारत माता' कविता के कवि मैथिलीशरण गुप्त हैं।

2. गुप्तजी को कौनसी उपाधि मिली है ?

गुप्तजी को पद्म भूषण उपाधि मिली है।

3. कवि किस देवी की वंदना कर रहे हैं ?

कवि भारत माता की वंदना कर हैं।

4. हिमालय रुपी हृदय में क्या भरा है ?

हिमालय रुपी हृदय मेंस्नेह  भरा है।

5. पानी कैसे फूटा आता है ?

पानी सौ-सौ सोतो से फूटा आता है।

6. पानी में क्या खिले हैं ?

पानी में कमल खिले हैं।

7. सुंदर भाव कहाँ पले हैं ?

धानी आँचल में सुंदर भाव पले हैं।

### II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. हिमालय के बारे में कवि की भावना क्या है ?

*भारत माता का हृदय हिमालय के समान बड़ा है। उसमें बहुत सारा स्नेह भरा हुआ है।

वह अपने आँचल में आग दबाकर खुद दु:ख को सहन कर हम सबको हरा भरा रखता है।

अल्पसंख्यककल्याणमंत्रालय

2. "दिल में आग दबाकर" का मतलब क्या है ?

*आग को अपने आँचल में रख लेना या खुद दु:ख को सहन करके अपने दिल में रखने को ही दिल में आग दबाकर कहते हैं।

3. कवि ऊँचा हिया क्यों कहते हैं ?

भारत के हृदय में हिमालय पर्वत है। हिमालय में भारत की जान समाई हुई है। इसलिए कवि हिमालय को ऊँचा कहते हैं।

4. हमें मिलजुलकर कौन-सा गीत गाना चाहिए ?

हमें मिलजुलकर भारत माता के यश की गीत गाने चाहिए।

**III. खाली स्थान भरिए :**

1. भारत का हिया हिमालय है।
2. दिल में अपने आग दबाकर रखता हमको हरा भरा।
3. चंद्र-सूर्य चिरकाल रहें।

**IV. अनुरूपता :**

1. सागर : विशाल :: हिमालय : ऊँचा
2. अंधकार : अंधेरा :: पवित्र : पावन
3. आम : धरती :: कमल : पानी
4. सूर्य : सूरज :: चंद्र : चांद

*************

## “लक्ष्य को पाना है तो मुश्किलों का सामना हिम्मत से करते रहो ”

# पाठ-2
## गुलाब सिंह

-सुभद्रा कुमारी चौहान






### I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1. किस कारण से बालक का खाना बंद कर दिया गया ?

बीमार के कारण बालक का खाना बंद कर दिया गया।

2. बहन ने भाई को क्या खिला दिया?

बहन ने भाई को गुड़ और चने खिला दिये।

3. शहर में क्यों आतंक छा गया ?

बादशाह का हुक्म था कि जुलूस न निकलें इस कारण से शहर में आतंक छा गया।

4. थाली में क्या जल रहा था ?

थाली में एक दिया जल रहा था।

5. झंडा किससे बना?

बहन की पुरानी ओढ़नी से झंडा बना।

6. बहन ने क्या थाम लिया?

बहन ने झंडा थाम लिया।

### II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?

*बहन ने भाई की माथे पर तिलक लगाया, चावल बिखराए।

* तब भाई ने बहन के पैर छुए और विदा ली। बहन ने भाई के सिर पर हाथ फेरा और बलैयाँ लीं।

2. भाई को गिरते देखकर बहन ने क्या किया?

बहन ने भाई कोगिरते देखा, वह दौड़ पड़ी। भाई खून से लथपथ पड़ा था। वह पुकारती रही,"भैया ! भैया !"

**III. जोड़ीए :**

1. बालक सारे घर का  दुलारा था।

2. भाई खून से  लथपथ पड़ा था।

3. बड़ी दूर जाना है  तुम थक जाओगी।

**IV. संज्ञा, सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग लिखिए :**

संज्ञाशब्द : जुलूस, माँ, बादशाह, गुलाबसिंह, बहन, भैया, झंडा, सिपाही, लोग, गोली, खून।

सर्वनाम शब्द : वह, उसे, अपने, इन, उन्होंने।

**V. अनुरूपता :**

1. त्रिधारा : कविता :: बिखरेमोती : कहानी संग्रह

2. रानी : राजा :: बेगम : बादशाह

3. अंगूर : फल :: गुलाब : फूल

4. दीया : दीप :: पताका : झंडा

**VI. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1. बादशाह - बेगम

2. राजा - रानी

3. पिता - माता

4. लेखक - लेखिका

5. देवी - देव

6. बहन - भाई

**VII. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1. झंडा - झंडे

2. दरवाजा - दरवाजे

3. ओढ़नी – ओढ़नियाँ

4. कहानी – कहानियाँ

5. डंडा - डंडे

6. थाली – थालियाँ

अल्पसंख्यककल्याणमंत्रालय

**VIII. खाली जगह भरिए :**

1. मिलना मिलाना मिलवाना

2. देखना दिखाना दिखवाना

3. खाना खिलाना खिलवाना

4. बैठना बिठाना बिठवाना

5. घूमना घुमाना घुमवाना


"सफलता हासिल करना है तो डटे रहिए परिश्रम जारी रखिए"

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

****************

## पाठ-3
## स्वामी विवेकानंद

-डॉ जगदीश चंद्र





**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. विवेकानंद के बचपन का नाम क्या है?

विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र देव था ।

2. विवेकानंद का जन्म कब हुआ था ?

विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था।

3. नरेंद्र पढ़ने में कैसे थे?

नरेंद्र पढ़ने में तेज थे ।

4. विवेकानंद के गुरु कौन थे?

विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस थे।

5. विवेकानंद अमेरीका कब गये?

विवेकानंद अमेरिका सितंबर सन् 1893 को गये थे ।

6. विवेकानंद की अनुयायिनी कौन थी ?

मार्गरेट एलिज़बेथ विवेकानंद की अनुयायिनी थी।

7. विवेकानंद का देहांत कब हुआ ?

4 जुलाई सन् 1902 को विवेकानंद का देहांत हुआ।

**II. दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. विवेकानंद ने कौन-सा व्रत लिया ?

*रामकृष्ण परमहंस के संदेशों को सारे विश्व में फैलाने का और दिन दुखी लोगों की सेवा और सहायता करने का व्रत लिया।

2. विवेकानंद के माता-पिता का नाम क्या है ?

विवेकानंद के माता का नाम श्रीमती भुवनेश्वरी देवी और पिता विश्वनाथ दत्त।

3. विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी ?

विवेकानंद की रुचि व्याख्यान देने और विचारों के आदान प्रदान करने में थी।

4. विवेकानंद ने भारतवासियों को क्या उपदेश दिया ?

*विवेकानंद ने अज्ञान, अंधविश्वास, शिक्षा, विदेशी अनुकरण, दास्य मनोभाव आदि के बुरे प्रभावों का बोध कराया।

*उन्होंने अपनी भाषाणों द्वारा जनता के मन से हिनता की भावना को दूर भगाने का प्रमाणित प्रयत्न किया।

5. विवेकानंद ने किन-किन देशों की यात्रा की ?

विवेकानंदनेअमेरिका, इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड देशों की यात्रा की।

6. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?

*"प्यारे देशवासियो ! वीर बनो और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ।

* अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊँची जाति का भारतीय, नीच जाति का भारतीय-सब मेरे भाई हैं। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है। उनका गौरव, मेरा गौरव है।"

**III. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1. रूढ़ी – रूढ़ियाँ

2. व्याख्या – व्याख्याएँ

3. सेवा – सेवाएँ

4. आज्ञा – आज्ञाएँ

5. उपाधि – उपाधियाँ

6. शाखा – शाखाएँ

**IV. अन्य लिंग रूप लिखिए :**

1. माता - पिता
2. घोड़ा - घोड़ी
3. स्वामी - स्वामीनी
4. अनुयायी - अनुयायिन्
5. बालक - बालिका
6. शिष्य – शिष्या

**V. विलोम शब्द लिखिए :**

1. गौरव x अगौरव
2. दुख x सुख
3. सत्य x असत्य
4. धर्म x अधर्म
5. स्वदेश x विदेश
6. समर्थ x असमर्थ
7. सबल x दुर्बल
8. ज्ञान x अज्ञान

**VI. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1.भुवनेश्वरी देवी | धर्मपरायण महिला थी। |
| 2.रामकृष्ण मिशन की स्थापना | स्वामी विवेकानंद ने की। |
| 3.विवेकानंद का जन्म | कलकत्ते में हुआ। |
| 4.अंधविश्वास को हटाकर | धर्म का मर्म समझाया। |

**VII. अनुरूपता :**

1. रामकृष्ण परमहंस : शारदादेवी :: विश्वनाथ दत्त : भुवनेश्वरी देवी
2. 1863 : विवेकानंद का जन्म :: 1893 : संयुक्त राष्ट्र अमेरिका गये
3. विवेकानंद : नरेंद्र :: सिस्टर निवेदिता : मार्गरेट एलिज़बेथ
4. शिकागो : अमेरिका :: कलकत्ता : भारत

*******************

“हमेशा बड़ो का आदर-सत्कार करना मत भूलिए”

अल्पसंख्याक कल्याण मंत्रालय

# पाठ-4
## अनुशासन ही शासन है

-डॉ रमेश मिलन







**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बच्चों को सड़क पर जाकर क्या नहीं करना है ?

बच्चों को सड़क पर नहीं खेलना चाहिए।

2. हेलमेट के बिना कौन चलते हैं ?

हेलमेट की बिना समझदार चलते हैं।

3. बाट जोहने वालों को क्या नहीं देना चाहिए ?

बाहर जाने वालों को गम की सौगात नहीं देना चाहिए।

4. घायल को फौरन कहाँ पहुँचाना चाहिए ?

घायल को फौरन अस्पताल पहुँचाना चाहिए।

5. क्या अनमोल है ?

जीवन अनमोल है।

6. चौराहों पर क्या दिए गए हैं ?

चौराहों पर संकेत दिए गए हैं।

**II. दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए।

हरि पर चलना, लाल पर रुकना और पीली पर सचेत रहना।

2. दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।

*चौराहों पर दिए गए संकेतों का पालन करना चाहिए।

*हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

**III. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1. सड़क - सड़कें

2. साइकिल - साइकिलें

3. बच्चा - बच्चे

4. दुर्घटनाएँ - दुर्घटना

5. चौराहें - चौराहा

6. सिद्धांत - सिद्धांत

**IV. उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

1. खेल - खेलना

2. लग - लगना

3. चल - चलना

4. रुक - रुकना

5. चुरा - चुराना

6. पहुँच – पहुँचना

**V. अनुरूपता :**

1. चलती बस में : चढ़ी नहीं तुम : सड़क पर जाकर : खेलो नहीं तुम

2. करो मदद : घायल की : पालन करो : संकेतों की

3. लालरंग : रुकना :: हरा रंग : चलना

4. चारपर : चतुष्पथ :: चार राह : चौराहा

**VI. सही (✓) और (×) गलत चिह्न लगाइए :**

1.सड़क पर चलते समय खेलना है। (×)

2.समझदार हेलमेट पहनकर वाहन चलाते हैं। (√)

3.घर पर इन्तजार करनेवालों को गम का सौगात देना है। (×)

4.दुर्घटना होने पर न आंख चुराना है। (√)

5.घायल की मदद नहीं करनी चाहिए। (×)


6. हमें चलती बस में चढ़ना नहीं चाहिए। (√)

**********************

# मौसी

- भीष्म साहनी



**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. माँ के जैसे प्यारी कौन थी ?
माँ के जैसे प्यारी मौसी थी।
2. मौसी सभी को किस समय में साथ देती थी ?
मौसी सबको सुख - दुःख के समय में साथ देती थी।
3. दोपहर होने पर मौसी कहाँ पहुँच जाती थी ?
दोपहर होने पर मौसी स्कूल के फाटक पर पहुँच जाती थी।
4. मौसी बच्चों को क्या-क्या खिलाती थी ?
मौसी बच्चों को चने, टिकिया और मूंगफली आदि खिलाती थी।
5. मौसी के बिना सारा मोहल्ला कैसे लगता था ?
मौसी के बिना सारा मोहल्ला सुना सुना लगता था।
6. लड़के भागकर जा उठा ले आए ?
लड़की भाग कर खाट उठा ले आए
7. बच्चों ने हेडमास्टर से क्या बिनती की ?
बच्चों ने हेडमास्टर जी से मौसी को स्कूल में काम देने के लिए बिनती की।
8. मौसी के जीवन में कैसे दिन लौट आए ?
मौसी के जीवन में खुशी के दिन लौट आए।

**II. दो- तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. मौसी बच्चों को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाती थी ?
मौसी बच्चों को तोता - तूती की कहानी, काठ घोड़े की कहानी, विरोरचित कहानियाँ आदि सुनाती थी।
2. बच्चे मौसी को कहाँ-कहाँ ढूँढते हैं ?

*एक दिन जब स्कूल की छुट्टी हुई, बच्चे बस्ते उठाकर निकले तो मौसी फाटक पर नहीं मिली।

*शाम को बच्चे खेलने के लिए निकले, तो मौसी पेड़ के नीचे भी नहीं थी।

3. मकान के अंदर से यह बच्चों को कैसी आवाज सुनाई दी ?

मकान के अंदर से ऊँची – ऊँची आवाज सुनाई दी, 'हमने ठेका तो नहीं ले रखा है मौसी ! बीस दिन से तुम यहाँ हो। अब तुम किसी दूसरे के घर चली जाओ।"

4. बच्चों को क्यों गुस्सा आया ?

*बंद दरवाजे की दरार में से झांककर देखा तो मौसी एक खाट पर लेटी थी। उसके बाल उलझे हुए और चेहरा सूखा हुआ था। मौसी को ऐसी स्थिति में देखकर बच्चों को बहुत गुस्सा आया।

## III. तीन- चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. मौसी और बच्चों के बीच में क्या बातचीत हुई ?

*तु इतने दिन कहाँ थी मौसी ? यहाँ क्यों बैठी हो ? एक ने पूछा।

* मैं यहाँ से जा रही हूँ बेटा। कहते हुए मौसी की आँखें भर आई।

*तू तो बीमार थी मौसी ? तबीयत कैसी है ? बलदेव ने पूछा।

*बेटा मैं ठीक हो गयी हूँ। अपना गाँव जा रही हूँ।

*हम तुझे कहीं नहीं जाने देंगे मौसी, सबने एक स्वर में कहा। मौसी की आँखों में आँसू छलक उठे।

2. बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?

*दुकान के सामने एक खाट बिछी थी उसे उठा ले आए।

*कन्हैया भागकर अपने घर से दरी और तकिया लाया।

*उषा थाली में दो रोटियाँ लायीं।

*योगराज एक कटोरे में दूध लाया।

*गोपाल घर से लैंप उठा लाया।

मुन्नी पीने के लिए पानी लायी।

*बलदेव बलदेव ने अपने पिता को क्लीनिक से बुला लाया।

3. मौसी के ख़ुशी जीवन का वर्णन कीजिए।

*मौसी फिर से स्कूल के आँगन में आने लगी। बच्चे उसे घिरे रहते और वह उन्हें कहानियाँ सुनाती।

*कभी-कभी लाठी टेकती हुई मोहल्ले का चक्कर काटती, सभी घरों में झाँक उनका कुशल-क्षेम पूछती।

*साँझ ढलने पर अपनी कोठरी में चली जाती और चैन की साँस लेती।

*इस तरह बच्चों के प्रेम और स्नेह भाव से प्रकार मौसी के जीवन में खुशी के दिन लौट आये।

**IV. रिश्ता जानिए और लिखिए :**

1. पिता के पिता : दादा :: माता के पिता का : नाना
2. पिता की बहन : बुआ :: माता की बहन : मौसी
3. पति पत्नी के पिता : ससुर :: पति पत्नी की माता : सास
4. बेटे की पत्नी : बहू :: बेटी का पति : दामाद

**V. नमूने के अनुसार लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| उदा : कहानी – कहानियाँ | माला – मालाएँ | बात - बातें |
| 1. लड़की – लड़कियाँ | माता – माताएँ | आँख – आँखें |
| 2. कोठारी – कोठरियाँ | दिशा – दिशाएँ | दरार - दरारें |
| 3. पहेली – पहेलियाँ | घटना – घटनाएँ | दुकान - दुकानें |

**VI. विलोम शब्दों की जोड़ी बनाइए :**

उदा : बाहर x अंदर

1. गलत x सही
2. सुख x दुख
3. छोटा x बड़ा
4. खुशी x गम
5. टेढ़ा x सीधा
6. बहुत x कम
7. रात x दिन
8. अपना x पराया
9. ऊपर x नीचे

**VII. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1. बच्चे नीम पेड़ के तले खेलते थे।

ಮಕ್ಕಳು ಬೇವಿನ ಮರದ ಕೆಳಗೆ ಆಡುತ್ತಿದ್ದರು.

2. उसे सब मौसी कहकर पुकारते थे।

ಅವಳನ್ನು ಎಲ್ಲರೂ ಚಿಕ್ಕಮ್ಮ ಎಂದು ಕರೆಯುತ್ತಿದ್ದರು.

3. बच्चों के लिए तो वह सेवा की मूर्ति थी।

ಮಕ್ಕಳಿಗಾಗಿ ಅವಳು ಸೇವೆಯ ಮೂರ್ತಿಯಾಗಿದ್ದಳು.

4. सबके घरों में झांक कुशल - क्षेम पूछती थी।

ಎಲ್ಲರ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಇಣುಕಿ ಕುಶಲ-ಕ್ಷೇಮ ಕೇಳುತ್ತಿದ್ದಳು.


## "हँसते रहिए और एक दूसरे को हँसाते रहिए"

***************

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

## पाठ-6
## चेरापूँजी से आया हूँ

-प्रदीप पंत




**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किस राज्य को बादलों का घर कहते हैं ?

मेघालय राज्य को बादलों का घर करते हैं।

2. जीप में लेखक के साथ और कौन बैठे हैं ?

जीप में लेखक के साथ मेघालय राज्य के अधिकारी श्री संगमा और उनके दो दोस्त बैठे हैं।

3. मेघालय के तीन पर्वतीय अंचलों का नाम लिखिए।

खांसी पर्वत, गारो पर्वत और जयंतिया पर्वत।

4. मेघालय में हर कहीं कौन - सी पारिवारिक व्यवस्था है ?

मेघालय में हर कहीं मातृसत्तात्मक पारिवारिक व्यवस्था है।

5. नोहशंगथियांग प्रपात किस नाम से लोकप्रिय है ?

नोहशंगथियांग प्रपात, 'मासमाई प्रपात' के नाम से लोकप्रिय है।

6. गारो समूह को किस जाति का अंग माना जाता है ?

गारो समूह को बोडो जाति का अंग माना जाता है।

**II. दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. बिजली उत्पादन के बारे में संगमा ने क्या कहा ?

*मेघालय में खपत से ज्यादा पनबिजली का उत्पादन होता है।

*हम अतिरिक्त बिजली अन्य राज्यों को दे देते हैं।

*वैसे यदि यहाँ सभी गाँव बिजली से जगमगा उठें, तो भी अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होता रहेगा।

2. 'माइती बाज़ार' के बारे में तीन वाक्य लिखिए।

*स्त्रियों का पूरा का पूरा बाज़ार ही है वहां, जिसे 'माइती बाज़ार' कहते हैं - यानी माँ का बाज़ार।

*स्त्रियाँ दिनभर सामान की बिक्री कर शाम को अपने-अपने घर लौटती हैं।

*इस माइती बाज़ार में किसी प्रकार का वर्ग भेद नहीं है।

3. चेरापूँजी की विशेषता क्या है ?

समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर ऊपर, जो विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है।

4. मासमाई गाँव की गुफाएँ कैसी हैं ?

*आश्चर्य तो मास माई गाँव की गुफाएँ हैं।

*गुफाएँ इतनी अंधेरी है कि मशाल या टार्च जलाएँ बिना उन्हें प्रवेश नहीं कर सकते।

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1. मेघालय की राजधानी है शिलंग।

2. चेरापूँजी शिलांग से 53 कि. मी. कि दूरी पर है।

3. मेघालय में हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था मातृसत्तात्मक है।

4. चेरापूँजी समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर ऊपर है।

5. खासियों को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

**IV. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. चेरापूँजी की सड़कें | कुहरे से गिरी हुई है। |
| 2. तमाम दुकानों पर | स्त्रियाँ सौदा बेचती हैं। |
| 3. चेरापूँजी में | साल भर वर्षा होती रहती है। |
| 4. नोंगक्रेम | खासी लोगो का प्रमुख नृत्य है। |
| 5. बेहडेनखलाम | जयंतिया पहाड़ियों का उत्सव है। |

**V. 'बे' उपसर्ग जोड़कर विलोम शब्द बनाइए :**

उदा : हिचक x बेहिचक

1. रोकटोक x बेरोकटोक

2. इज्जत x बेइज्जत

3. रहम x बेरहम



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

4. ईमान x बेइमान

5. कसूर x बेकसूर

6. वफा x बेवफा

7. शक x बेशक

8. ताज x बेताज

9. सहारा x बेसहारा

10. काबू x बेकाबू

**VI. अनुरूपता :**

1. कर्नाटक : बेंगलुरु :: मेघालय : शिलंग

2. राजस्थान : रेत का प्रदेश :: मेघालय : वर्षा का प्रदेश

3. मणिपुर : इंफाल :: बांग्लादेश : ढाका

4. नोंगक्रेम : नृत्य :: बेहडेनखलाम : उत्सव

*****************

**"ज्ञान दुनिया का सबसे महंगा विषय है इसे विनय से प्राप्त करिए"**


अल्पसंख्याक कल्याण मंत्रालय

## पाठ-7

## पर्यावरण बचाओ

-परशुराम शुक्ल





**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. आज किसको बचाने की माँग है ?

आज पर्यावरण को बचाने की माँग है ।

2. जिव कब तक जगत में रह सकता है ?

जब तक जगत में पानी है तब तक जीव है ।

3. कवि किसको शुद्ध रखने की बात करते हैं ?

कविहवा को शुद्ध रखने की बात करते हैं ।

4. सोंधी मिट्टी को क्या कहा गया है ?

सोंधी मिट्टी को रानी कहा गया है।

5. जीव जगत के मित्र कौनकौन– है ?

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु जीव जगत के मित्र है ।

6. कवि किसका संकट दूर करने की बात करते हैं ?

कवि शोर और मिट्टी का संकट दूर करने की बात करते हैं ।

7. कवि एक वृक्ष के बदले में कितने वृक्ष लगाने को कहते हैं ?

कवि एक वृक्ष के बदले में ग्यारह वृक्ष लगाने को कहते हैं ।

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. पर्यावरण का महत्व समझाइए ।

*पर्यावरण के बिना मानव का जीवन असंभव है ।

*शुद्ध पर्यावरण जीव जगत के लिए आवश्यक है ।

*आजकल जल, वायु और ध्वनि का प्रदूषण निरंतर बढ़ते जा रहा है ।

*इस कारण परिसर का संतुलन बिगड़ रहा है ।

*पर्यावरण का महत्व समझ कर हमें इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है ।

2. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

*एक वृक्ष अगर कट जाता है तो उसके बदले में ग्यारह वृक्ष लगाना चाहिए और रोज एक वृक्ष हमें लगाना है और ऐसा शपथ लेकर कार्य करना है ।

**III. जोड़कर लिखिए :**

1. जग में पानी

2. मिट्टी रानी

3. मानव का जीवन

4. एक वृक्ष नित रोपेंगे

5. शपथ खाओ

6. समय की माँग

**IV. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :**

1. आज समय की माँग यही है पर्यावरण बचाओ ।

2. शोर और मिट्टी का संकट दूर करेंगे सारा ।

3. ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि जीव जगत के मित्र सभी ।

4. एक वृक्ष हम नित रोपेंगे ।

**V. भावार्थ लिखिए :**

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि

जीव जगत की मित्र सभी ।

इनकी रक्षा करना,

अब कर्तव्य हमारा,

शोर और मिट्टी का संकट,

दूर करेंगे सारा ।

*प्रस्तुत कविता में शुक्लजी कहते हैं ध्वनि, मिट्टी और जलवायु आदि सभी जीव जगत के मित्र हैं ।

* इन सभी का रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है ।

कोलाहल के आवाज और मिट्टी का संकट हम सब मिलकर दूर करना है ।

**VI. अनुरूपता :**

1. पानी : जल :: वायु : पवन

2. मेरा : हमारा :: तेरा : तुम्हारा

3. 11: ग्यारह :: 17 : सत्राह

4. सजीव : निर्जीव :: जन्म : मरण

***********************



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

# पाठ-8

## भीम और राक्षस

-विष्णु प्रभाकर






**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बकासुर कहाँ रहता था ?

बकासुर एकचक्र नगर में रहता था।

2. भीम कौन था ?

भीम कुंती का पुत्र था।

3. राक्षस का नाम क्या था ?

राक्षस का नाम बकासुर था।

4. भीम ने बकासुर की लाश को कहाँ रखने के लिए कहा ?

भीम ने बकासुर की लाश को नगर के दरवाजे पर रखने के लिए कहा।

5. कुंती के कितने बेटे थे ?

कुंती के पाँच बेटे थे

6. 'भीम और राक्षस' एकांकी के लेखक कौन है ?

'भीम और राक्षस' एकांकी के लेखक विष्णु प्रभाकर है।

**II. दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?

*बकासुर को खाना ले जाने की बारी कल ब्राह्मण की थी। ब्राह्मण और उसकी पत्नी दोनों बकासुर के पास जाने के लिए बहस कर रहे थे।

*तब उनकी बेटी उन दोनों को मना करके खुद जाने की बात करती है। इसलिए ब्राह्मण के घर में सब लोग रो रहे थे।

2. बकासुर क्या काम करता था और उसके बदले में वह क्या लेता था ?

*बकासुर एकचक्र नगर का रक्षा करता था।

*उसके बदले में वह लोगों से एक गाड़ी और दो भैंसे और एक मनुष्य लेता था।

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

1. तुम चले गए तो घर का सहारा ही चला जाएगा।

2. तुम पहेलियाँ बुझा रहे हो।

3. अतिथि को अपने दुख से दुखी नहीं करना चाहिए।

4. मैं अभी तुझे पानी पिलाता हूँ।

5. अभी तेरे दो टुकड़े किये देता हूँ।

**IV. विलोम शब्द लिखिए :**

1. रोना x हँसना

2. अपराध x निरपराध

3. भक्षक x रक्षक

4. पास x दूर

5. शुद्ध x अशुद्ध

6. वीर x कायर

**V. जोड़कर लिखिए :**

| अ | आ |
|---|---|
| 1. बक | राक्षस |
| 2. भीम | कुंती का पुत्र |
| 3. युद्ध | लड़ना |
| 4. ब्राह्मण | का घर |

**VI. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1. ब्राह्मण - ब्राह्मणी

2. बेटा - बेटी

3. अकेला - अकेली

4. पुतला - पुतली

अल्पसंख्यककल्याणमंत्रालय

**VII. भीम पांच पांडव में से एक है ।बाकी चार पांडव के नाम लिखिए :**

1. युधिष्ठिर    2. अर्जुन    3. नकुल    4. सहदेव

**VIII. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1. उसका पूरा नाम बकासुर है ।

ಅವರ ಪೂರ್ಣ ಹೆಸರು ಬಕಾಸುರ.

2. इस नगरी का राजा बड़ा दुर्बल है ।

ಈ ನಗರದ ರಾಜ ಬಹಳ ದುರ್ಬಲನಾಗಿದ್ದಾನೆ.

3. भगवान तुम्हारे बेटे की रक्षा करेगा ।

ದೇವರು ನಿಮ್ಮ ಮಗನ ರಕ್ಷಣೆ ಮಾಡುತ್ತಾನೆ.

4. बड़ा अजीब आदमी है ।

ಬಹಳ ವಿಚಿತ್ರ ಮನುಷ್ಯನಿದ್ದಾನೆ.

**IX. अनुरूपता :**

1.सहदेव : माद्रि का बेटा :: भीम : कुंती का बेटा

2. भीम : मानव :: बकासुर : राक्षस

3. अर्धनारीश्वर : उपन्यास :: आवारा मसीहा : जीवनी

4. भाग्य फूटना : बुरा होना :: पाठ पढ़ाना : सबक सिखाना

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

*****************

**“अच्छी किताब और अच्छे लोग तुरंत समझ में नहीं आते हैं, उन्हें पढ़ना पड़ता है”**

## पाठ-9

## नफ़े के चक्कर में

-संकलित





**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किसको नारियल खाने का मन हुआ ?

बाबू भाई को नारियल खाने का मन हुआ ।

2. बाज़ार में लोग क्या कर रहे थे ?

बाज़ार में लोग अपने-अपने कामों में लगे थे ।

3. बाज़ार में नारियलवाले ने बाबू भाई को कहाँ जाने को कहा ?

बाजार में नारियलवाले ने बाबू भाई को मंडी को जाने के लिए कहा ।

4. पचास पैसे में नारियल कहाँ मिलनेवाले थे ?

पचास पैसे में नारियल बंदरगाह पर मिलनेवाले थे ।

5. कितने पैसे बचाने की सोच में बाबू भाई में फुर्ती आ गयी ?

पच्चीस पैसे बचाने की सोच में बाबूभाई में फुर्ती आ गयी।

6. बाबू भाई ने मुफ्त में नारियल किससे माँगा ?

बाबू भाई ने मुफ्त में नारियल माली से माँगा ।

7. घुड़सवार ने कितने रुपए देने की बात कही ?

घुड़सवार ने सौ रुपए देने की बात कही ।

8. ऊँट सवार ने कितने रुपए देने की बात कही ?

उन सवार ने दो सौ देने की बात कही ।

**II. दो  तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. नारियल को झट से छीन कर बाबू भाई से नारियलवाले ने क्या कहा ?

"माफ करो, काका एक रुपया या फिर कुछ नहीं" लेकिन बाबू भाई का निराश चेहरा देखकर बोला, "बंदरगाह पर चले जाओ हो सकता है वहाँ पचास पैसे में मिल जाए ।"

2. बाबू भाई मन-ही-मन क्या सोचने लगे ?

बाबू भाई अपनी छड़ी से टेक लगाकर सोचने लगे, "आखिर पचास पैसे तो पूरे पचास पैसे हैं। वैसे भी मेरे टांगों में अभी भी दम है ।"

3. नाववाले से बाबू भाई ने नारियल को पच्चीस पैसे में देने के लिए किस तरह आग्रह किया ?

जब नाववाले ने एक नारियल के केवल पचास पैसे कहाँ तक बाबू भाई हक्के-बक्के हो गए। इतनी दूर से पैदल आया हूँ। इतना थक गया हूँ  और तुम कहते हो पचास पैसे ? मेरी मेहनत बेकार हो गई। ना भाई ना पचास पैसे तो बहुत ज्यादा है मैं तुम्हें पच्चीस पैसे दूँगा। यह लो रख लो" इस तरह बाबू भाई ने नाववाले से आग्रह किया।

4. बाबू भाई ने किन-किन से मदद माँगी ?

बाबू भाई ने पहले माली से और ऊँटसवार से अंत में घुड़सवार से मदद माँगी।

**III. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. बाबू भाई | नारियल |
| 2. माली | बगीचा |
| 3. हे भगवान ! | पच्चीस पैसे ! |
| 4. ऊंटवाला | दो सौ रुपये |
| 5. घुड़सवार | सौ रूपये |

**IV. विलोम शब्द लिखिए :**

1. दिन x रात

2. मीठा x कडवा

3. छोटी x बड़ी

4. बहुत x कम

5. सही x गलत

6. अच्छा x बुरा

7. दूर x पास



अनुसंधानकल्याणमस्त

8. जवाब x सवाल

9. सामने x पीछे

10. पसंद x नापसंद

11. खरीदना x बेचना

**VI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1. घर - घर

2. जूता - जूते

3. रुपया - रुपये

4. पैसा - पैसे

5. आवाज़ - आवाज़ें

6. बात - बातें

7. पेड़ - पेड़

8. नज़र - नज़रें

9. घोड़ा - घोड़े

**VII. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1. भाई - बहन

2. काका - काकी

3. माली - मालिन

4. घोड़ा - घोड़ी

5. ऊँट – ऊँटनी

6. आदमी - औरत

7. बाप – माँ

**VIII. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1. घर में तो एक भी नारियल नहीं था।

ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ತೆಂಗಿನಕಾಯಿ ಕೂಡ ಇರಲಿಲ್ಲ.

2. यहां से थोड़ी दूर जो मंडी है वहाँ शायद मिल जाए।

ಇಲ್ಲಿಂದ ಸ್ವಲ್ಪ ದೂರದಲ್ಲಿ ಮಾರುಕಟ್ಟೆ ಇದೆ, ಅಲ್ಲಿ ಬಹುಶಃ ಸಿಗಬಹುದು.

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

3. इतनी दूर से पैदल आया हूँ।

ಇಷ್ಟೊಂದು ದೂರದಿಂದ ನಡೆದು ಬಂದಿದ್ದೆನೆ.

4. बाबू भाई ने जल्दी-जल्दी पेड़ पर चढ़ना शुरू किया।

ಬಾಬು ಬಾಯಿಯು ಬೇಗ ಬೇಗನೆ ಗಿಡದ ಮೇಲೆ ಹತ್ತಲು ಪ್ರಾರಂಭಿಸಿದ.

5. बाबू भाई ने नारियल को पकड़ लिया।

ಬಾಬು ಬಾಯಿಯು ತೆಂಗಿನ ಕಾಯಿಯನ್ನು ಹಿಡಿದುಕೊಂಡನು.

**IX. अनुरूपता :**

1. दो-चार : युग्म शब्द :: अपने - अपने : द्विरुक्ति शब्द
2. काका : काकी :: चाचा : चाची
3. माफ : नुक्ता शब्द :: मंडी : अनुस्वार शब्द
4. हे भगवान ! विस्मयबोधक :: कौन ? : प्रश्नार्थक

********************

**"मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी है, जो बंद भाग्य के दरवाजे भी खोल देती है"**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

# पाठ-10

## चलना हमारा काम है

-शिवमंगल सिंह सुमन





श्री शिवमंगल सिंह सुमन।

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. पैरों में कैसी गति भरी है ?

पैरों में प्रबल गति भरी है।

2. कवि के अनुसार कब तक विराम नहीं है ?

कवि के अनुसार जब तक ना मंजिल पा सके तब तक विराम नहीं है।

3. हमारा काम क्या है ?

चलना हमारा काम है।

4. कवि किसकी खोज में भटक रहे हैं ?

कवि पूर्णता की खोज में भटक रहे हैं।

5. प्रत्येक पग पर क्या अटकता रहा है ?

प्रत्येक पग पर कुछ न कुछ रोडा (बाधाए) अटकता रहा है।

6. किस की गति रुकी नहीं है ?

जीवन की गति रुकी नहीं है।

7. 'चलना हमारा काम है' के कवि कौन है ?

चलना हमारा काम है कविता के कवि शिवमंगल सिंह 'सुमन' है।

**II. दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. 'आज मेरे सामने है रास्ता इतना पड़ा' पंक्ति का आशय क्या है ?

इस पंक्ति का आशय है कि आज कभी के सामने समय बहुत है और जब तक मंजिल नहीं मिलती तब तक विराम नहीं है ऐसा है।

2. कविता की अंतिम पंक्तियों में कवि ने क्या संदेश दिया है ?

अंतिम पंक्तियों में कवि यह संदेश दिया है की मंजिल पाने के लिए चलते रहें, उसमें अपनी गति रुक कर अगर कोई गिर गए सो गिर गए पर जो रह गए उनको उत्तम सफलता मिलती है। इसलिए हमें निरंतर चलते रहना चाहिए।

**III. तुकांत शब्दों को पहचान कर लिखिए :**

1. खड़ा - पड़ा
2. विराम - सियाराम
3. काम - नाम
4. अभीराम - शुभम

**III. निम्नलिखित पंक्तियों को सही शब्दों से भरिए :**

1. फिर क्यों रहूँ दर - दर खड़ा।
2. तब तक मुझे न विराम है।
3. कुछ बीची ही से फिर गए।
4. जो गिर गए सो गिर गए।

**IV. उचित विलोम शब्दों को छांटकर लिखिए :**

1. विराम x अविराम
2. पूर्णता x अपूर्णता
3. निराशा x आशा
4. सफलता x असफलता
5. सामने x पीछे
6. जन्म x मरण

**V.भावार्थ लिखिए :**

मैं पूर्णता की खोज में
दरदर– भटकता ही रहा
प्रत्येक पग पर कुछ ना कुछ

रोड़ा अटकता ही रहा
निराशा क्यों मुझे
जीवन इसी का नाम है,
चलना हमारा काम है।

कवि इन पंक्तियों को द्वारा कवि हमें यह संदेश देना चाहते हैं कि "कार्य सिद्धि हेतु ढूँढते हुए द्वार द्वार फिरते ही रहा और प्रत्येक कदम पर कुछ ना कुछ बाधाएँ आते ही रही। फिर भी निराश नहीं होना चाहिए। इसी का तो नाम है जीवन। अपने सिद्धि के लिए हमेशा चलते रहना चाहिए।

**VI. अनुरूपता :**

1. जन्म : मरण :: बहुत : कम
2. चलना : चलाना :: गिरना : गिराना
3. पैर : पांव :: सड़क : रास्ता
4. रोड़ा : संज्ञा शब्द :: भटकना : क्रिया शब्द

***************


**“अपने भाग्य के बजाय अपनी मजबूती पर विश्वास करो”**
**डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर**


अल्पसंख्यककल्याणमंत्रालय

## पाठ-11

## खेलो कूदो स्वस्थ रहो

-संकलित




**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. खेलों की दुनिया कैसी है ?

खेलों की दुनिया में सदा आनंद और उल्लास का वातावरण रहता है।

2. व्यक्तिगत खेलों के उदाहरण दीजिए।

तैरना, दौड़ना, एयरोबिक्स, तीर चलाना, बिलियड्र्स आदि व्यक्तिगत खेलों के उदाहरण हैं।

3. हम हृष्ट-पुष्ट कैसे बन सकते हैं ?

खेलने से हमारे अंगों की कसरत हो जाती है और हम हृष्ट-पुष्ट बन सकते हैं।

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. खेलों के प्रकार लिखते हुए कुछ उदाहरण दीजिए।

*खेलो के दो प्रकार है एक शारीरिक खेल, दूसरा मानसिक खेल।

* जिन खेलों में शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता है उन्हें शारीरिक खेल कहा जाता है।

उदा -कबड्डी, हॉकी, गुल्ली डंडा, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबॉल, बैडमिंटन, तैरना, दौड़ना आदि।

*जिन खेलों में मानसिक श्रम अधिक होता है उन्हें मानसिक खेलते हैं।

उदा - शतरंज, केरम, पासा, बकरी – बाघ आदि।

2. खेलों से क्या लाभ हैं ?

खेलों से राज्य और राष्ट्र स्तर पर पुरस्कार और उसके साथ धनराशि भी दी जाती है। पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को और अच्छे खिलाड़ियों को राज्य, केंद्र सरकार, बैंक तथा कई कंपनियों में नौकरी दी जाती है।

इनकी नौकरियों की भर्ती में आरक्षण की सुविधा भी रहती है। इतना ही नहीं रेल, हवाई जहाज आदि में सफर करने के लिए भी विशेष रूप से आरक्षण की सुविधा दी जाती है । कई कंपनियाँ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिनिधि बना लेती है।

3. राज्य और राष्ट्र स्तर पर खिलाड़ियों को कौन-कौन से पुरस्कार दिये जाते हैं ?

राज्य और राष्ट्रस्तर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाते हैं - जैसे अर्जुन, एकलव्य, द्रोणाचार्य, ध्यानचंद, राजीव खेल रत्न पुरस्कार आदि।

**III. विलोम शब्द लिखिए :**

1. आवश्यक x अनावश्यक
2. ज्ञान x अज्ञान
3. उन्नति x अवनति
4. स्वस्थ x अस्वस्थ

**IV. समानार्थक शब्द लिखिए :**

1. दुनिया =विश्व, जगत
2. वीर =शूर, योद्धा
3. स्पर्धा =प्रतियोगिता, चुनौती
4. पुरस्कार =पारितोषिक, इनाम
5. विद्यार्थी =छात्र, शिष्य

**V. खाली स्थान भरिए :**

1. खेल से **तन - मन** स्वस्थ होता है।
2. खेल **छात्र** जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।
3. खेल भी **व्यायाम** का ही एक अंग है।
4. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ **मस्तिष्क** का निवास होता है।

**VI. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1.खेल कई तरह के होते हैं।

ಆಟ ಅನೇಕ ಪ್ರಕಾರಗಳಲ್ಲಿ ಇರುತ್ತವೆ.



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

2. जीवन में खेलों का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है।

ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಆಟಗಳಿಗೆ ತುಂಬಾ ಮಹತ್ವದ ಸ್ಥಾನವಿದೆ.

**VII. अनुरूपता :**

1. शतरंज : मानसीक खेल :: बैडमिंटन : शारीरिक खेल

2. क्रिकेट : मैदानी खेल :: केरम : घरेलू खेल

3. तेंदुलकर : क्रिकेट :: ध्यानचंद : हॉकी

4. तैरना : व्यक्तिगत खेल :: कबड्डी : सामूहिक खेल

***************

**"सपने वो नहीं है जो आप नींद में देखें, सपने वह है जो आपको नींद ही नहीं आने दे"**

**-अब्दुल कलाम**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

# पाठ-12

## सड़क की रक्षा - सबकी सुरक्षा

-संकलित






**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. विभु कौन-सी कक्षा में पढ़ रहा था ?

विभु नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था ।

2. सड़क पर किसी ने क्या फेंक दिया था ?

सड़क पर किसी ने केले का छिलका फेंक दिया था ।

3. सड़क के बीच - बीच में विभु ने क्या देखा ?

सड़क के एक तिहाई भाग पर पत्थर गिरे थे, बीच - बीच में विभु ने कई गड्ढे देखा ।

4. सड़क को किसकी चिंता नहीं है ?

सड़क को अपनी रूप की चिंता नहीं है ।

5. सड़क के साथ अन्याय करनेवालों पर क्या होनी चाहिए ?

सड़क के साथ अन्याय करनेवालों पर कार्रवाई होनी चाहिए ।

6. विभु ने किसके मार्गदर्शन में प्रयास करने की बात सोची ?

विभु ने अपने अध्यापक के मार्गदर्शन में प्रयास करने की बात सोची ।

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. विभु क्यों दौड़ता हुआ स्कूल जा रहा था ?

विभु साढ़े नौ बजे तक स्कूल पहुँचना था । उसकी साइकिल खराब हो गयी थी ।

इसलिए वह सड़क पर जल्दी-जल्दी दौड़ता हुआ जा रहा था ।

2. विभु क्यों चौक गया ?

विभु का पाँव केले के छिलके पर पड़ा और वह फिसल कर गिर पड़ा। चोट लगी, कपड़े गंदे हो गए, तो वह उदास हो गया।"उठो बेटा, उदास मत होओ" कहीं से आवाज आई।

उसने आगे-पीछे देखा, आस-पास कोई दिखाई नहीं दिया। दूर-दूर तक कोई नहीं था। इसलिए विभु चौंक गया।

3. लोग सड़क के प्रति अपनी निर्ममता कैसे प्रकट करते हैं ?

लोग ढेर सारा कूड़ा कचरा डालते रहते हैं। वह बड़ी निर्ममता से मुझे काट भी देते हैं।

4. सड़क को काटने का काम किसने किया था ?

सड़क को 'जल वितरण विभाग' ने और नये-नये मकान बनाने वालों ने सड़क को काटने का काम किया था।

5. विभु ने सड़क को सांत्वना देते हुए क्या कहा ?

मत रो मां ! तुम्हारी खुशी के लिए हम क्या कर सकते हैं ? कोई उपाय बताओ इस तरह सांत्वना देते हुए विभु ने कहा।

6. विभु ने अंत में क्या तय किया ?

विभु ने अंत में तय किया कि वह अपने साथियों के साथ चर्चा करके और अपने अध्यापक के मार्गदर्शन में इस दिशा में प्रयास अवश्य करेगा।

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

1. विभु को साढ़े नौ बजे तक स्कूल पहुँचना था।
2. वह सड़क पर दौड़ता हुआ जा रहा था।
3. सड़क को तो हमेशा चोट लगती रहती है।
4. लोग महीनों - महीनों सड़क के घाव नहीं भरते।
5. लोगों में सड़क की सुरक्षा का भाव हो।
6. लोग सफाई का ध्यान रखें।

**IV. अन्य वचन रूप लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| उदा : 1. केला - केले | 1. लोग - लोग | 1. आवाज़ - आवाज़ें |
| 2. छिलका - छिलके | 2. पांव - पांव | 2. सड़क - सड़कें |
| 3. तांगा - तांगे | 3. जानवर - जानवर | 3. चोटे - चोटें |
| 4. महीना - महीने | 4. घाव - घाव | 4. सूरत - सूरतें |
| 5. घंटा - घंटे | 5. उपाय - उपाय | 5. जगह – जगहें |

**V. अनुरूपता :**

1. साइकिल : दो पहिया :: कार : चार पहिया

2. कभी -कभी : द्विरुक्ति :: आर - पार : शब्द युग्म

3. रेलगाड़ी : पटरी :: साइकिल : रास्ता

4. निर्ममता : रेफ शब्द :: प्रकार : पदेन शब्द

************************

**"कभी कमजोर नहीं पढ़े, आप अपने आप को शक्तिशाली बनाओ, आपके भीतर अनंत शक्ति है"**


**-स्वामी विवेकानंद**

## पाठ-13

## साथी हाथ बढ़ाना

-साहिर लुधियानवी



**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि किससे हाथ बढ़ाने के लिए कह रहे हैं ?

कवि अकेले को हाथ बढ़ाने के लिए कहरहे हैं।

2. बोझ कैसे उठाना चाहिए ?

बोझ मिलकर उठाना चाहिए।

3. सागर ने रास्ता कब छोड़ा ?

मिलकर कदम बढ़ाने पर सागर ने रास्ता छोड़ा।

4. हम अगर चाहें तो कहां राहें पैदा कर सकते हैं ?

हम अगर चाहे तो चट्टानों में राहें पैदा कर सकते हैं।

5. अपनी मंजिल कैसी मंजिल है ?

अपनी मंजिल सच की मंजिल है।

6. राई एक से एक मिले तो क्या बन सकती है ?

राई एक से एक मिले तो परबत बन सकती है।

7. किस्मत को कैसे अपने बस में कर सकते हैं ?

किस्मत को इंसान की एकता से बस में कर सकते हैं।

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. मेहनत करनेवाले मिलकर कदम बढ़ाते हैं तो क्या-क्या हो सकता है ?

हम मेहनत करने वाले मिलकर कदम बढ़ाते हैं तो सागर भी रास्ता छोड़ देता है, पर्वत सिर झुकाते हैं और चाहे तो चट्टानों में राहें पैदा कर सकते हैं।

2. एक से एक मिलने का परिणाम क्या होगा ? (किन्हीं दो)

* कतरा एक से एक मिले तो दरिया बन जाता है।

*राई एक से एक मिले तो पर्वत बन सकती है।

**III. इन पंक्तियों को पूरा कीजिए :**

1. एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।
2. साथी, हाथ बढ़ाना।
3. मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना।
4. अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रास्ता नेक।
5. एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत।

**IV. तुकवाले शब्दों को चुनकर लिखिए :**

जैसे : बढ़ाया - झुकाया

1. बाहें - निगाहें
2. डरना - मरना
3. एक - एकाएक
4. परबत - शरबत

**V. भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,

एक से एक मिले तो इंसा, बस में कर ले किस्मत,

साथी, हाथ बढ़ाना।

एक - एक राई मिले तो बन सकती है पर्वत, एक एक इंसान मिले तो किस्मत को अपनी मुट्ठी में कर सकते हैं, दोस्त मदद करना।

**VI. सही मिलान कीजिए :**

1. हाथ बढ़ाना सहयोग देना / मदद करना

2. बोझ उठाना जिम्मेदारी लेना

3. कदम बढ़ाना आगे निकलना

4. राहें पैदा करना नये मार्ग ढूँढना

5. राई का पहाड़ /

परबत बनना - छोटी -छोटी बातों से बड़ा परीणाम निकलना

**VII. अनुरूपता :**

1. बढ़ाना : बढ़ाना :: उठना : उठाना

2. पर्वत : पहाड़ :: किस्मत : परिश्रम

3. एक - एक कतरा : दरिया :: एक - एक राई : पहाड़

4. अपना : पराया :: डर  : निडर

****************

**"पुस्तके वो साधन है जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं"**

**-सर्वपल्ली राधाकृष्णन्**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

# सौर - ऊर्जा

-संकलित






**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सूर्य पृथ्वी से लगभग कितने कि.मी.की दूरी पर है ?

15 करोड़ कि. मी. की दूरी पर है ।

2. सौर ऊर्जा का अर्थ क्या है ?

सौर ऊर्जा का अर्थ है सूर्य शक्ति ।

3. सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के मुख्यतः कितने तकनिकें हैं ?

सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के मुख्यत: दो तकनिकें हैं ।

4. घरों में सौर ऊर्जा का उपयोग कैसे किया जा सकता है ?

पानी गरमाया जा सकता है और सोलर कुकर को बाहर रखकर खाना पकाया जा सकता है ।

5. सोलर कुकर को हिंदी में क्या कहते हैं ?

सोलर कुकर को हिंदी में 'सौर चूल्हा पाचक' करते हैं ।

6. सौर पथ-दीप से किसकी बचत होती है ?

सर प्रदीप से बिजली की बचत होती है ।

**II. दो- तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. सूर्य कितना शक्तिशाली है  ? उससे बिजली बनाने का काम कब से शुरू हुआ है ?
*सूर्य की ऊर्जा के एक हिस्सेमात्र से हमारे ऊर्जा संबंधी सारी आवश्यकताएँ पूर्ण हो सकती हैं ।
* सूर्य इतना शक्तिशाली है और बिजली बनाने के लिए उसका उपयोग हाल ही में शुरू हुआ है।
2. सूर्य से हमें क्या - क्या मिलता है ?
सूर्य से हमें ताप भी भी मिलता है और प्रकाश में मिलता है ।

3. नवीकरणीय योग्य ऊर्जा का उत्पादन मुख्यत: किन तत्वों से हो सकता है ?

नवीकरणीय योग्य ऊर्जा का उत्पादन मुख्यतः जल, वायु तथा सूर्य इन तीन तत्वों से हो सकता है।

4. तीन ऊर्जाओं के नाम लिखिए।

जल ऊर्जा, वायु ऊर्जा और सौर ऊर्जा यह तीन ऊर्जा है।

5. सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध तकनीकें कौन - सी है ?

सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने के प्रमुख दो तरीके हैं फोटोवॉल्टाइक और कान्सेंट्रेटिंग।

6. सौर लालटेन के बारे में लिखिए।

सौर लालटेन हल्का होता है। इसे जलाने के लिए मिट्टी का तेल, पेट्रोल या गैस की जरूरत नहीं पड़ती। यह तो सौर ऊर्जा से ही चलता है।

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1. सूर्य पृथ्वी से बहुत दूर, किंतु है बहुत शक्तिशाली।
2. सौर ऊर्जा उत्पादन की तकनीक में सौर ऊर्जा से वृद्धि हुई है।
3. सौर ऊर्जा को सीधे तेजी में बदला जा सकता है।
4. कृषि क्षेत्र में जल निकालने के लिए सौर पंप का उपयोग किया जाता है।

**IV. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. यातायात के क्षेत्र में | ईंधन की बचत होती है। |
| 2. औद्योगिक क्षेत्र में | अधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है। |
| 3. सौर ऊर्जा से | पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता। |
| 4. सौर ऊर्जा | बिजली से ज्यादा सुरक्षित है। |
| 5. सोलर कुकर | सौरव चूल्हा पाचक। |

**V. विलोम शब्द लिखिए :**

1. पूर्ण x अपूर्ण
2. प्रकाश x अंधकार
3. बढ़ना x घटना
4. प्रमुख x गौण
5. गरम x ठंडा
6. हल्का x भारी
7. अधिक x कम



अनुसंधानकल्याणमंत्रालय

8. लाभ x हानी

9. उपयोगी x अनुपयोगी

10. सुरक्षित x असुरक्षित

**VI. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1. 'सौर ऊर्जा' का अर्थ है "सौर शक्ति"।

ಸೌರ ಊರ್ಜಾದ ಅರ್ಥ ಸೌರಶಕ್ತಿ.

2. सूर्य से हमें तो आप भी मिलता है, प्रकाश भी।

ಸೂರ್ಯನಿಂದ ನಮಗೆ ಉಷ್ಣ ಹರಿಯುತ್ತದೆ ಬೆಳಕು ಕೂಡ.

3. सौर ऊर्जा से पानी भी गरमाया जा सकता है।

ಸೌರಶಕ್ತಿಯಿಂದ ನೀರನ್ನು ಕೂಡ ಕಾಯಿಸಬಹುದು.

4. वाह! सौर पथ-दीप से होती है बिजली की बचत।

ವಾಹ ! ಸೌರಪಥ - ದೀಪದಿಂದ ವಿದ್ಯುತ್ ಉಳಿತಾಯವಾಗುತ್ತದೆ.

5. सौर ऊर्जा बिजली से ज्यादा सुरक्षित है।

ಸೌರಶಕ್ತಿಯೂ ವಿದ್ಯುತ್ತಿಂತ ಬಹಳ ಸುರಕ್ಷಿತವಾಗಿದೆ.

**VII.अनुरूपता :**

1. रात : चांद :: दिन : सूरज

2. चांद : चांदनी :: सूर्य : रोशनी

3. अशक्त : उपसर्ग शब्द :: शक्तिहीन : प्रत्यय शब्द

4. जल शक्ति : जल ऊर्जा :: सूर्य शक्ति : सौर ऊर्जा

अल्पसंख्यककल्याणमंत्रालय



****************


**"एक राष्ट्र की संस्कृति उसमें रहने वाले लोगों के दिलों में और आत्मा में रहती है"**

**-महात्मा गांधीजी**

## पाठ -15
## वीरांगना चेन्नम्मा

-संकलित



**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. चेन्नम्मा का जन्म किस वंश में हुआ था ?

चेन्नम्मा का जन्म काकतीय वंश में हुआ था।

2. चेन्नम्मा शब्द का अर्थ क्या है ?

चेन्नम्मा शब्द का अर्थ है सुंदर कन्या।

3. कित्तूर कहाँ है ?

कित्तूर कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है।

4. चेन्नम्मा का विवाह किसके साथ हुआ ?

चेन्नम्मा का विवाह राजा मल्लसर्ज के साथ हुआ।

5. शिवलिंग रुद्रसर्ज ने किस को गोद लिया था ?

शिवलिंग के रुद्रसर्ज गुरुलिंग मल्लसर्ज को गोद लिया था।

6. चेन्नम्मा को अंग्रेजों ने कहा बंदी बनाया था ?

चेन्नम्मा को अंग्रेजों ने कित्तूर राज्य में बंदी बनाया था।

**II. दो- तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. चेन्नामा के माता और पिता का नाम लिखिए।

चेन्नम्मा की माता पद्मावती और पिता धुलप्पा देसाई।

2. चेन्नम्मा को उनके पिता से कौन-सी कलाई प्राप्त हुई थी ?

घुड़सवारी, शस्त्रस्त्रों का अभ्यास, आखेट आदि युद्ध कलाएँ उन्हें अपने वीर पिता से उत्तराधिकार के रूप में मिली थी।

3. कित्तूर राज्य की समृद्धि के बारे में लिखिए।

उन दिनों कित्तूर कर्नाटक राज्य के व्यापार का प्रसिद्ध केंद्र भी था। देश - विदेश के व्यापारी वहाँ के बाजारों में हीरे-जवाहरातें खरीदने के लिए आया करते थे।

4. कित्तूर का पतन शुरू होने का कारण क्या था ?

मल्लसर्ज की मृत्यु के बाद चेन्नम्मा ने रुद्रम्मा के पुत्र शिवलिंग रुर्दसर्ज को गद्दी पर बिठाया। शिवलिंग के रुद्रसर्ज चेन्नम्मा की सलाह को हवा में उड़ाकर चाटुकारों से गहरी मित्रता कर ली, जिससे कित्तूर का पतन शुरू हुआ।

5. येल्लप्पाशेट्टी और वेंकटराव कित्तूर के भेद खोलने क्यों तैयार हो गये ?

थैकरेने उन्हें कित्तूर का आधा - आधा राज्य सौंप देने की लालच दिखायी। बदले में वे कित्तूर के सभी भेद खोलने और भरसक सहायता देने को तैयार हो गये।

6. कर्नाटक की जनता के लिए गर्व की क्या बात है ?

कर्नाटक की जनता के लिए गर्व की बात यह है कि कर्नाटक की वीरांगना चेन्नम्मा ने पहली बार स्वतंत्रता की जो चिनगारी डाली थी बाद में वह सारे भारत में फैल गई।

**III. इन शब्दों का विलोम शब्द पाठ में से ढूंढकर लिखिए :**

1. अस्वस्थ x स्वस्थ
2. कुरूप x सुंदर
3. देश x विदेश
4. शत्रुता x मित्रता
5. बाहर x अंदर
6. देशभक्त x देशद्रोही
7. कायर x वीर
8. पराजय x जय

**IV. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1. पीता - माता
2. रानी - राजा
3. पुत्री - पुत्र
4. बाप – माँ
5. दादा – दादी



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

6. शेरनी - शेर

## V. जोड़ मिलाइए :

1. चेन्नम्मा का जन्म — सन् 1778

2. चेन्नम्मा की खोक से जन्मा पुत्र — शिवबसवाराज

3. शिवलिंग रूद्रसर्ज की मृत्यु — सन्1824

4. डालहौसी — गवरनर जनरल

5. चेन्नम्मा की जीवन ज्योति बुझी — सन् 1829

## VI. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :

1. कित्तूर कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है।

ಕಿತ್ತೂರು ಕರ್ನಾಟಕ ರಾಜ್ಯದ ಉತ್ತರದ ಬೆಳಗಾವಿ ಜಿಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿದೆ.

2. अंग्रेज गोद लिये पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं मानते थे ।

ಬ್ರಿಟಿಷರು ದತ್ತು ತೆಗೆದುಕೊಂಡ ಪುತ್ರನನ್ನು ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರಿ ಎಂದು ಪರಿಗಣಿಸುತ್ತಿರಲಿಲ್ಲ.

3. चेन्नम्मा ने भीतर ही भीतर तैयारी आरंभ कर दी ।

ಚೆನ್ನಮ್ಮ ಒಳಗಿಂದೊಳಗೆ ತಯಾರಿ ನಡೆಸಿದ್ದಳು.

4. कित्तूर स्वतंत्र राज्य है।

ಕಿತ್ತೂರು ಸ್ವತಂತ್ರ ರಾಜ್ಯವಾಗಿದೆ.

5. चेन्नम्मा के पीछे दो हजार योद्धा थे ।

ಚನ್ನಮ್ಮನ ಹಿಂದೆ ಎರಡು ಸಾವಿರ ಯೋಧರಿದ್ದರು.

6. अंग्रेजों को दोबारा हार माननी पड़ी ।

ಬಿಟಿಷರು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಸೋಲನ್ನು ಅನುಭವಿಸಬೇಕಾಯಿತು.

## VII. अनुरूपता :

1. चेन्नम्मा के पिता : धुलप्पा देसाई :: चेन्नम्मा की माता : पद्मावती

2. चेन्नम्मा के पति : मल्लसर्ज :: चेन्नम्मा का पुत्र : शिवबसवराज


3. गुरुसिद्धप्पा : कुशल दीवान :: चेन्नबसप्पा : वीर योद्धा


4. 1778 : चेन्नम्मा का जन्म :: 1829 : चेन्नम्मा की मृत्यु

*****************

# पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह

-पी. एस. रामानुजम



## I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

1. शहरों के नाम किसमें सिमट रहे हैं ?

शहरों के नाम पूर्व अक्षरों में यानी अंग्रेजी के इनिशियलों में सिमट रहे हैं।

2. किन गांवों के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा ?

संकोच - प्रक्रिया की बलि बने हुए कुछ गांव के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा।

3. हेमावती नदी कहाँ बहती है ?

हेमावती होलेनरसीपुरा में बहतीहै।

4. लोगों के पास किसके लिए समय नहीं है ?

आज कल लंबे – लंबे नाम पुकार ने के लिए लोगो के पास समय नहीं है।

5. किस कारण से आज हम नाम छोटे-छोटे रख रहे हैं ?

समयाभाव के कारण से हम नाम छोटे-छोटे रख रहे है।

6. हमें क्या त्याग करना चाहिए ?

हमें नया वर्ण व्यामोह को त्याग करना चाहिए।

7. इस पाठ के लेखक का पूरा नाम क्या है ?

प्रतिवादी भयंकर संपतकुमारचार्य (पी.एस.रामानुजम)।

## II. दो- तीन वाक्योंमें उत्तर लिखिए :

1. टी. नरसीपुर के संक्षिप्तीकरण के बारे में लेखक के क्या विचार हैं ?

*सुंदर"तिरुमकूडलु नरसीपुर" अब 'टी. नरसीपुर' बन गया है। आगे आने वाले संशोधकों को पथभ्रष्ट करने का काम है यह। आगे चलकर कभी दैववशात्, हमारे देश से अंग्रेजी भाषा के हट जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तो इन इनिशियलों का अर्थ ढूँढना मुश्किल हो जाएगा।

*अरे खोज की जाएगी और विचित्र परिणाम प्राप्त होंगे। संशोधक शायद इस निर्णय पर पहुंचेंगे की टी नरसीपुरा में टी (चाय) के बगान होने का कारण आया होगा।

2. 'करीदोड्डुनपाल्य'के बारे में लेखक क्या कहते हैं ?

'करीदोड्डुनपाल्य' नाम और एक गाँव है। यह के. डी . पाल्यबन जाएगा। क्रमशः गाँव को बदनाम कर देगा आगे चलकर एक दिन संशोधक निर्णय लेंगे कि इस गाँव में केड़ियों (गुंडे) के होने से यह नाम आया होगा।

3. इनिशियलों में सिमटे कितने गाँवों के नाम लेखक ने लिया है ? वे कौन-कौन से हैं ?

8 गाँवों के नाम इनिशियलों में सिमटे है। वे है टी. नरसीपुरा, एच.एन पुरा, सी एन हल्ली, सि. आर पटना, एच. डी कोटे, के एम दोड्डी, एस.बी. गोला, वि. पुरा।

4. के. आर. एस नाम अपनी पहचान क्यों खो बैठी है ?

मनोहर सुंदर वृंदावन कृष्णराज सागर आज के. आर. सागर हो गया है। इसका लगूकरण वहीं पर नहीं रुका है, वह के. आर.एस बनकर अंग्रेजी वर्णमाला के तिन अक्षरों में सिमट कर अपनी पहचान ही खो बैठा है।

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1. आगे आनेवाले संशोधकों को पथभ्रष्ट करने का काम है।
2. सबको पूर्वाक्षरों में छिपा देना बड़ा ही दर्दनाक विषय है।
3. सुबह नाम पुकारना प्रारंभ करो तू समाप्त होते-होते शाम हो जाती है।
4. कभी-कभी तो पूरा का पूरा नाम ही अंग्रेजी वर्णों में सिकुड़ जाता है।
5. सभी अध्यापक विद्यार्थियों की जीह्वा पर अंग्रेजी के वर्ण बनकर सुशोभित होते हैं।

**IV. जोड़ी मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| 1. होले नरसीपुर | नरसिंह मंदिर |
| 2. बी.आर. हिल्स | रंगनाथ स्वामी |
| 3. टी.डी | तिरुपति देवालय |
| 4. के. आर. एस | कृष्ण राज सागर |
| 5. एम.वर्मा | मयूर वर्मा |

**V. विलोम शब्द लिखिए :**

1. अपना x पराया

2. सहज x असहज

3. नया x पुराना

4. सुंदर x कुरूप

5. मुश्किल x आसान

6. अच्छा x बुरा

7. कीर्ति x अपकीर्ति

8. हानि x लाभ

9.पास x दूर

10. सुबह x शाम

**VI. निम्नलिखित विलोम शब्दों को सही शब्दों के साथ जोड़कर लिखिए :**

1. आस्तिक x नास्तिक

2. पता x लापता

3. दिन x रात

4. शक x बेशक

5. उत्तीर्ण x अनुत्तीर्ण

**VII. अन्य वचनरूप लिखिए :**

1. बात - बातें

2. प्रवृत्ति – प्रवृत्तियाँ

3. गुंडा - गुंडे

4. नदी – नदियाँ

5. दंतकथा – दंतकथाएँ

6. घटना – घटनाएँ

7. पुस्तक - पुस्तकें

8. देवता - देवता

**VIII. अन्य लिंग रूप लिखिए :**

1. आदमी - औरत



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

2. नायक - नायिका

3. राजा - रानी

4. देवता - देवी

5. स्वामी - स्वामीनी

6. बाप – माँ

7. अध्यापक - अध्यापिका

**IX. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

1. चिक्कनायकन हल्ली सी.एन. हल्ली बन गया है।

ಚಿಕ್ಕನಾಯಕನಹಳ್ಳಿ ಸಿ.ಎನ್ ಹಳ್ಳಿಯಾಗಿದೆ.

2. आज समयाभाव के कारण छोटेछोटे– नाम रख रहे है।

ಇಂದು ಸಮಯದ ಕೊರತೆಯಿಂದ ಸಣ್ಣ ಸಣ್ಣ ಹೆಸರುಗಳನ್ನು ಇಡುತ್ತಿದ್ದೇವೆ.

3. रंगनाथ स्वामी भी आर.एन. स्वामी बन गया है।

ರಂಗನಾಥಸ್ವಾಮಿ ಸಹ ಆರ್. ಎನ್. ಸ್ವಾಮಿಯಾಗಿ ಬಿಟ್ಟಿದೆ.

4. अंग्रेजी वनों का प्रभाव हमारे नामों पर हुआ है।

ಇಂಗ್ಲಿಷ್ ಅಕ್ಷರಗಳ ಪ್ರಭಾವ ನಮ್ಮ ಹೆಸರುಗಳ ಮೇಲೆ ಉಂಟಾಗಿದೆ.

**X. अनुरूपता**

1.करिदोड्डनपाल्या : के.डी.पाल्या :: होलेनरसीपुरा : एच.एन्. पुरा

2. पूर्वाक्षर : उपसर्ग शब्द :: कन्नड़पन : प्रत्यय

3. ए.जेब : औरंगजेब :: एस. गुप्त : समुद्रगुप्त

4. बी.आर. हिल्स : बिलीगिरि रंगनाबेट्टा :: डी.आर. दुर्ग : देवरायनदुर्ग

***************

**“याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय को सहना और गलत के साथ समझौता करना है”**


**-सुभाष चंद्र बोस**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय

## पाठ-17
## रहीम के दोहे

- रहीम





**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सुजान लोग संपत्ति क्यों संग्रह करते हैं ?

सुजान लोग दूसरों के कल्याण के लिए संपत्ति संग्रह करते हैं।

2. चंदन के पेड़ से कौन लिपटे रहता है ?

चंदन के पेड़ से साँप लिपटे रहता है।

3. रहीम किसका तिरस्कार न करने के लिए कहते हैं ?

रहीम छोटे और साधारण लोगों से तिरस्कार न करने के लिए कहते हैं।

4. कौन अपनी प्रशंसा नहीं करते हैं ?

बड़े लोग अपनी प्रशंसा नहीं करते हैं।

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. रहीम ने सज्जनों के बारे में क्या कहा है ? सोदाहरण समझाइए।

*सज्जन दूसरों के कल्याण के लिए संपत्ति का संग्रह करते हैं।

*जैसे पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते और सरोवर अपना पानी खुद नहीं पीते।

2. रहीम नेम भुजंग के उदाहरण से क्या बताया है ?

*रहीम कहते हैं कि, जो लोग अच्छे स्वभाव के होते हैं बुरी संगत उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

*जैसे चंदन के पेड़ से साँप लिपटे रहनेपर भी चंदन में उसका विषव्याप्त नहीं होता।

3. छोटे लोगों के महत्व को रहीम ने कैसे व्यक्त किया है ?

*बड़े लोगों के सामने छोटे और साधारण लोगों को तिरस्कार से मत देखिए।

* क्यों कि जहां सुई काम आती है वहाँ तलवार का उपयोग नहीं होता।

*हर एक चीज यहां व्यक्ति का अपना महत्व रहता है।

4. हीरे के बड़प्पन को रहीम ने कैसे बताया है ?

*अज्ञानी लोग अपने आप की प्रशंसा करते हैं।

*विद्वानों ने किसी भी जगह पर एक समान रहते हैं।

*जैसे हीरा कब कहता है जी उसका मूल्य लाख मुद्राएँ हैं।

**III. जोड़कर लिखिए :**

1. तरुवर फल नहीं खात है
2. चंदन पेड़ लिपटे रहत भुजंग
3. देख बड़ेन को लघु न दीजिए डारि
4. हीरा लाख टका ममोल

**IV. अनुरूप शब्द लिखिए :**

1. तरु : पेड़ :: तलवार : खड्ग
2. दूध : क्षीर :: भुजंग : साँप
3. मोल : दाम :: बोल : बात
4. काज : कार्य :: संपत्ति : धन

**************************

**"अपने आप पर विस्वास रखिए एक न एक दिन जरुर कामयाब होंगे"**

=======धन्यवाद==========



अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय